सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 14 अप्रैल, 2023

पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद तीन दिन के उत्तराखण्ड के दौरे पर आज राजभवन देहरादून पहुंचे। राजभवन में उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राजभवन में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्कृति विभाग के कलाकारों ने सुंदर कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत किए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक कला की झलक देखने को मिली।

इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राजभवन द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'देवभूमि संवाद' का विमोचन किया। राजभवन की पत्रिका देवभूमि संवाद का प्रकाशन प्रत्येक 06 माह में किया जाता है। इस पत्रिका में मा. राज्यपाल के कार्यक्रमों, बैठकों, भाषणों सहित अन्य गतिविधियों को अंकित किया गया है। देवभूमि संवाद का संपादन संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय, सह संपादन श्री संजू प्रसाद ध्यानी और सूचना अधिकारी श्री अजनेश राणा द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में श्रीमती सविता कोविंद, श्रीमती गुरमीत कौर, श्रीमती गीता धामी, डीजीपी अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव ने किया।

..........0..........